(70)

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022 1541 पटना, दिनांक:– 16/02/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 323–। दिनांक 30.08.2022 द्वारा श्री नितीश कुमार शाही, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02963) के विरूद्ध मनमाने तरीके से कार्य करने एवं उदण्डतापूर्ण व्यवहार करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए आरोप पत्र गठित कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा गया है।

प्राप्त आरोप पत्र के आलोक में निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप के पत्रांक 2625 दिनांक 23.09.2022 द्वारा आरोपित से 03 दिनो के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है। स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने की स्थिति में आरोपित को एक अवसर प्रदान करते हुए पुनः स्मारित किया गया। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है।

आरोपित द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत पाया गया कि आरोपित द्वारा संतोषजनक स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है। परन्तु आरोपित द्वारा निष्ठापूर्वक एवं तीव्रता से कार्य करने के साथ भविष्य में शिकायत नहीं सुनने का आश्वासन देते हुए एक अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

अतः इनके स्पष्टीकरण में अंकित तथ्यों के आलोक में इनके द्वारा एक अवसर प्रदान करने के अनुरोध के दृष्टिगत तत्काल श्री नितीश कुमार शाही, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02963) का 01 (एक) माह के मानदेय की कटौती की जाती है। यदि इसकी पुनरावृत्ति भवष्यि में की जाएगी, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 16/2/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022 1541 पटना, दिनांक :– 16/02/2023

प्रतिलिपि :– श्री नितीश कुमार शाही, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02963), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022 1541 पटना, दिनांक :– 16/02/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022 1541 पटना, दिनांक :– 16/02/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेशित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप